# हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेताओं की सूची वर्ष 1955 से अब तक

## साहित्य अकादमी पुरस्कार किसे कहते है?

साहित्य अकादमी पुरस्कार भारत में साहित्य अकादमी द्वारा दिया जाने वाला एक साहित्यिक सम्मान है। साहित्य अकादमी द्वारा हर साल भारत की अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त प्रमुख भाषाओं में से प्रत्येक में प्रकाशित सर्वोत्कृष्ट साहित्यिक कृति को पुरस्कार प्रदान करती है। भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं के अलावा ये राजस्थानी और अंग्रेज़ी भाषा सहित कुल 24 भाषाओं में प्रदान किया जाता हैं। पहली बार साहित्य अकादमी पुरस्कार सन् 1955 में दिए गए थे।

| | |
|---|---|
| **पुरस्कार का वर्ग** | साहित्य |
| **स्थापना वर्ष** | 1955 |
| **पुरस्कार राशि** | एक लाख रुपये |
| **प्रथम विजेता** | माखनलाल चतुर्वेदी |
| **आखिरी विजेता** | चित्रा मुद्गल (2018) |

## साहित्य अकादमी पुरस्कार में मिलने वाली राशि:

साहित्य अकादमी पुरस्कार में विजेताओं को वर्तमान सामान्य में एक लाख रुपए नक़द राशि और एक ताम्रपत्र दिया जाता है। पुरस्कार की स्थापना के समय पुरस्कार राशि 5,000/- रुपए थी, जो सन् 1983 में ब़ढा कर 10,000/- रुपए कर दी गई और सन् 1988 में ब़ढा कर इसे 25,000/- रुपए कर दिया गया। सन् 2001 से यह राशि 40,000/- रुपए की गई और उसके बाद सन् 2003 में यह राशि बढाकर 50,000/- रुपए कर दी गई थी। इसके बाद सरकार ने साल 2009 पुरस्कार की राशि को 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया था

## साहित्य अकादमी पुरस्कार 2018:

मशहूर लेखिका चित्रा मुद्गल को वर्ष 2018 के लिए हिन्दी में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया है। चित्रा मुद्गल को उनके उपन्यास “नाला सोपारा पोस्ट बॉक्स नं. 203” को पुरस्कार के लिए चुना गया है। विदित हो कि हिंदी के जाने माने लेखक रमेश कुंतल मेघ को

उनकी हिन्दी पुस्तक 'विश्वमिथकसरित्सागर' के लिए वर्ष 2017 के हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया था।

साहित्य अकादमी ने 05 दिसम्बर 2018 को अपने प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। अकादमी ने हिन्दी में चित्रा मुद्गल, अंग्रेजी में अनीस सलीम, उर्दू में रहमान अब्बास, संस्कृत में रमाकांत शुक्ल और पंजाबी में मोहनजीत समेत कुल 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को इस साल साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना है। इस बार सात कविता-संग्रहों, छह उपन्यासों, छह कहानी संग्रहों, तीन आलोचनाओं और दो निबंध संग्रहों का चयन प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए किया गया है। सभी विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक-एक लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह दिए जाएंगे। ये पुरस्कार 29 जनवरी को राजधानी नई दिल्ली में दिए जाएंगे।

**वर्ष 1955 से अब तक हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेताओं की सूची:**

| **वर्ष** | **साहित्यकार का नाम** | **रचना** |
|---|---|---|
| 2018 | चित्रा मुद्गल | नाला सोपारा पोस्ट बॉक्स नं. 203 (उपन्यास) |
| 2017 | रमेश कुंतल मेघ | विश्वमिथकसरित्सागर (पुस्तक) |
| 2016 | नासिरा शर्मा | पारिजात (उपन्यास) |
| 2015 | रामदरश मिश्र | आग की हंसी (कविता-संग्रह) |
| 2014 | रमेशचन्द्र शाह | विनायक (उपन्यास) |
| 2013 | मृदुला गर्ग | मिलजुल मन (उपन्यास) |
| 2012 | चंद्रकांत देवताले | पत्थर फेंक रहा हूँ (कविता-संग्रह) |
| 2011 | काशीनाथ सिंह | रेहन पर रग्घू (उपन्यास) |
| 2010 | उदय प्रकाश | मोहन दास (लघु उपन्यास) |
| 2009 | कैलाश वाजपेयी | हवा में हस्ताक्षर (कविता-संग्रह) |
| 2008 | गोविन्द मिश्र | कोहरे में कैद रंग (उपन्यास) |
| 2007 | अमरकान्त | इन्हीं हथियारों से (उपन्यास) |
| 2006 | ज्ञानेन्द्रपति | संशयात्मा (कविता-संग्रह) |
| 2005 | मनोहर श्याम जोशी | क्याप (उपन्यास) |
| 2004 | वीरेन डंगवाल | दुश्चक्र में स्रष्टा (कविता-संग्रह) |
| 2003 | कमलेश्वर | कितने पाकिस्तान (उपन्यास) |
| 2002 | राजेश जोशी | दो पंक्तियों के बीच (कविता-संग्रह) |
| 2001 | अलका सरावगी | कलि–कथा: वाया बाइपास (उपन्यास) |

| | | |
|---|---|---|
| 2000 | मंगलेश डबराल | हम जो देखते हैं (कविता-संग्रह) |
| 1999 | विनोद कुमार शुक्ल | दीवार में एक खिड़की रहती थी (उपन्यास) |
| 1998 | अरुण कमल | नए इलाक़े में (कविता-संग्रह) |
| 1997 | लीलाधर जगूड़ी | अनुभव के आकाश में चाँद (कविता-संग्रह) |
| 1996 | सुरेन्द्र वर्मा | मुझे चाँद चाहिए (उपन्यास) |
| 1995 | कुँवर नारायण | कोई दूसरा नहीं (कविता-संग्रह) |
| 1994 | अशोक वाजपेयी | कहीं नहीं वहीं (कविता-संग्रह) |
| 1993 | विष्णु प्रभाकर | अर्द्धनारीश्वर (उपन्यास) |
| 1992 | गिरिराज किशोर | ढाई घर (उपन्यास) |
| 1991 | गिरिजाकुमार माथुर | मैं वक़्त के हूँ सामने (कविता-संग्रह) |
| 1990 | शिवप्रसाद सिंह | नीला चाँद (उपन्यास) |
| 1989 | केदारनाथ सिंह | अकाल में सारस (कविता-संग्रह) |
| 1988 | नरेश मेहता | अरण्या (कविता-संग्रह) |
| 1987 | श्रीकांत वर्मा (मरणोपरांत) | मगध (कविता-संग्रह) |
| 1986 | केदारनाथ अग्रवाल | अपूर्वा (कविता-संग्रह) |
| 1985 | निर्मल वर्मा | कव्वे और काला पानी (कहानी–संग्रह) |
| 1984 | रघुवीर सहाय | लोग भूल गए हैं (कविता-संग्रह) |
| 1983 | सर्वेश्वरदयाल सक्सेना | खूँटियों पर टँगे लोग (कविता-संग्रह) |
| 1982 | हरिशंकर परसाई | विकलांग श्रद्धा का दौर (व्यंग्य) |
| 1981 | त्रिलोचन | ताप के ताये हुए दिन (कविता-संग्रह) |
| 1980 | कृष्णा सोबती | ज़िन्दगीनामा–जिन्दाय रुख़ (उपन्यास) |
| 1979 | धूमिल (मरणोपरांत) | कल सुनना मुझे (कविता-संग्रह) |
| 1978 | भारत भूषण अग्रवाल | उतना वह सूरज है (कविता-संग्रह) |
| 1977 | शमशेर बहादुर सिंह | चुका भी हूँ नहीं मैं (कविता-संग्रह) |
| 1976 | यशपाल | मेरी तेरी उसकी बात (उपन्यास) |
| 1975 | भीष्म साहनी | तमस (उपन्यास) |
| 1974 | शिवमंगल सिंह 'सुमन' | मिट्टी की बारात (कविता-संग्रह) |
| 1973 | हज़ारीप्रसाद द्विवेदी | आलोक पर्व (निबंध–संग्रह) |
| 1972 | भवानीप्रसाद मिश्र | बुनी हुई रस्सी (कविता-संग्रह) |
| 1971 | नामवर सिंह | कविता के नए प्रतिमान (समालोचना) |
| 1970 | रामविलास शर्मा | निराला की साहित्य साधना (जीवनी) |

| | | |
|---|---|---|
| 1969 | श्रीलाल शुक्ल | रागदरबारी (उपन्यास) |
| 1968 | हरिवंश राय 'बच्चन' | दो चट्टानें (कविता-संग्रह) |
| 1967 | अमृतलाल नागर | अमृत और विष (उपन्यास) |
| 1966 | जैनेन्द्र कुमार | मुक्तिबोध (उपन्यास) |
| 1965 | नगेन्द्र | रस–सिद्धांत (काव्यशास्त्र) |
| 1964 | अज्ञेय | आँगन के पार द्वार (कविता-संग्रह) |
| 1963 | अमृत राय | प्रेमचंद: क़लम का सिपाही (जीवनी) |
| 1961 | भगवतीचरण वर्मा | भूले बिसरे चित्र (उपन्यास) |
| 1960 | सुमित्रानंदन पंत | कला और बूढ़ा चाँद (कविता-संग्रह) |
| 1959 | रामधारी सिंह 'दिनकर' | संस्कृति के चार अध्याय (भारतीय संस्कृति का सर्वेक्षण) |
| 1958 | राहुल सांकृत्यायन | मध्य एशिया का इतिहास (इतिहास) |
| 1957 | आचार्य नरेन्द्र देव (मरणोपरांत) | बुद्ध धर्म–दर्शन (दर्शन) |
| 1956 | वासुदेवशरण अग्रवाल | पद्मावत: संजीवनी व्याख्या (टीका) |
| 1955 | माखनलाल चतुर्वेदी | हिमतरंगिनी (कविता-संग्रह) |